## खबर संक्षेप



### जिला अस्पताल के निरीक्षण में मिली खामिया, अधिकारियों ने दी हिदायत

**कटनी।** कलेक्टर के निर्देश पर जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को शासकीय जिला अस्पताल का सतत निरीक्षण किया, जिसमें अस्पताल की बदहाल व्यवस्था और लापरवाही खुलकर सामने आई। डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी सोनी और पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर हालात का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वार्डों में गंदगी, परिसर में फैली दुर्गंध, नालियों का अवरुद्ध होना, और स्वास्थ्य सुविधाओं की भारी कमी पाई गई। कई वार्डों में सफाई व्यवस्था नदारद थी और मरीजों व परिजनों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा था। टीम ने तत्काल सुधार के लिए एक संरचना स्ट्रक्चर तैयार किया और अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि रिपोर्ट सौंपने के बाद भी व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### 5 पंचायतों के रोजगार सहायको का ट्रांसफर

**स्लीमनाबाद।** मप्र राज्य गारंटी परिषद भोपाल के द्वारा जारी दिशा - निर्देशों के तहत जिला पंचायत सीईओ कटनी के द्वारा प्रशासकीय कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बहोरीबंद जनपद की पांच ग्राम पंचायतों के ग्राम रोजगार सहायको का ट्रांसफर किया गया है। रोजगार सहायको के तबादला संबंधित आदेश जनपद सीईओ बहोरीबंद के द्वारा 6 अगस्त 2025 को जारी किया गया जिसमें ग्राम रोजगार सहायक सुरेंद्र सिंह ठाकुर ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद स्लीमनाबाद से संसारपुर, चंद्रभान चौधरी संसारपुर से स्लीमनाबाद, संजय पांडेय चाँदनखेडा से मोहतरा, अजयपाल यादव कूड़ा घानियां से जुझारी ओर पार्वती लोधी का पटिराजा से कुम्हरवारा स्थानांतरण किया गया है। जनपद सीईओ बहोरीबंद ने जारी आदेश मे स्थानांतरित ग्राम रोजगार सहायकों को तीन दिवस के अंदर उक्त ग्राम पंचायतों मे ज्वाइनिंग करते हुए अनुबंध निष्पादन की कार्यवाही करने को कहा है। रोजगार सहायको के तबादलें से विरोध के स्वर भी उठ रहे है क्योंकि जिन ग्राम पंचायतों से रोजगार सहायको को हटाया गया है वहां दूसरे रोजगार सहायको को नहीं भेजा गया जिससे पंचायत के कामकाज प्रभावित होंगे। बहोरीबंद जनपद की ग्राम पंचायत चांदनखेड़ा, कूड़ा घानियां, पटिराजा से रोजगार सहायको को दूसरी ग्राम पंचायत स्थानांतरण किया गया, लेकिन उक्त ग्राम पंचायतों मे दूसरे रोजगार सहायको को पदस्थ नहीं किया गया।

### रक्षाबंधन पर्व को लेकर खरीदारी करने बाजार में दिन भर रही चहल पहल, बसों एवं ट्रेनों में रही खचाखच भीड़

# बहनें आज भाईयों की कलाई में बांधेंगी स्नेह व रक्षा की डोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





रक्षाबंधन का पर्व आज मनाया जाएगा। पर्व को लेकर बाजार में खासी चहल पहल रही। देर रात तक लोगों की भीड़ बाजार में देखी गई। सबसे ज्यादा राखी रूमालों, मिठाईयों, कपड़ा आदि दुकानों में खचाखच भीड़ रही। भाईयों की कलाई पर सबसे बेहतरीन राखी बांधने के लिए बहनें तलाश में एक दुकान से दूसरी दुकान का चक्कर लगाती नजर आई। देर रात तक बाजार खरीदारी से गुलजार रहा। शहर सहित उप नगरीय क्षेत्रों, के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी राखी की दुकानें जगह-जगह लगी हैं। किराना दुकानों से लेकर ठेलों में भी राखी रूमालें विक्रय की जा रही है। रक्षाबंधन को लेकर बसों एवं ट्रेनों के अलावा आटो में भी खासी भीड़ देखी गई।

#### शुभ संयोग पर मनेगा रक्षाबंधन

भाई -बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन आज शनिवार को मनाया जायेगा। इस साल रक्षाबंधन के त्यौहार में कई शुभ संयोग है तो भद्रा का साया भी नहीं है। पंडित रमाकांत पौराणिक ने बताया कि 9 अगस्त को श्रवण नक्षत्र से युक्त पूर्णिमा भी महापुण्यदायिनी मानी जा रही है। 9 अगस्त को राखी बँधाने का शुभ मुहूर्त सुबह 5 बजकर 47 मिनट से प्रारम्भ होगा ओर दोपहर 1 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। शाम के समय गोधलि मुहूर्त 7 बजकर 6 मिनट से 7 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। सर्वार्थ सिद्दि योग, सौभाग्य ओर शोभन योग के मुहूर्त पर बहने यदि भाइयो की कलाई पर राखी बाधेगी तों भाइयो के लिए बेहद शुभकारी होगा।इस मुहूर्त मे राखी बांधना भाइयों के लिए विजय ओर उन्नति वाला होगा।

पंडित दिलीप पौराणिक ने बताया कि रक्षाबंधन पर सर्वार्थ सिद्धि योग, सौभाग्य और शोभन योग समेत कई शुभ संयोग बनने जा रहे हैं। इस दिन सर्वार्थ सिद्दि योग सुबह 5:47 बजे से 2:23 बजे तक रहेगा। यह समय राखी बाँधने के लिए उत्तम रहने वाला है। इस वर्ष रक्षाबंधन पर भद्रा जैसी कोई अशुभ घड़ी नहीं होगी, जिससे बहनें दिनभर राखी बांध सकेंगी। इसके साथ ही सर्वार्थ सिद्दि, सौभाग्य ओर शोभन योग जैसे अत्यंत शुभ संयोग बनने से यह पर्व अत्यंत फलदायक ओर मंगलकारी होगा।

#### ग्रामीण अंचलों में रही भीड़

रक्षाबंधन को लेकर स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय के बाजार में शुक्रवार को रौनक दिखने लगी। रक्षाबंधन पर्व से ठीक एक दिन पहले शुक्रवार को स्लीमनाबाद का साप्ताहिक बाजार था, जिसके तहत बाजार में चहल पहल बढ़ गई। राखियां,कपड़े व मिष्ठान दुकानों मैं भीड़ देखी गई। इस बार स्लीमनाबाद तहसील मुख्यालय मैं इस बार आधा सैकड़ा से अधिक राखियों की दुकान सजाई गई हैं। राखी की तैयारी को लेकर महिलाओं की भीड़ बाजार में देखी जा रही है। स्लीमनाबाद मुख्य बाजार,बहोरीबंद तिराहा व मुख्य तिराहे में राखियों की दुकान सजाई गई है। इसके अलावा कपड़े व साज श्रंगार की दुकानों में भी खरीददारी के लिए बड़ी संख्या में बहनों की भीड़ पहुंच रही है। बाजार में इस वर्ष 5 रुपए से 500 रुपए तक की राखियां उपलब्ध है। इसमें कुछ बहने भाईयों की कलाई के लिए चांदी की राखी भी ले रही है। तहसील मुख्यालय मुख्यालय के बाजार में ग्रामीण क्षेत्र से लोग खरीदी करने के पहुँचे।

#### कपड़ा दुकानों में भी बढ़ी रौनक

जहां बहनें अपने भाई के लिए राखी और इस अवसर पर लगने वाली जरूरी पूजन सामग्री खरीदी के लिए बाजार पहुंच रही हैं। वहीं भाई भी अपनी बहनों को उपहार देने के लिए खरीदी के लिए बाजार पहुंच रहे हैं। रक्षाबंधन के त्योहार में कपड़ों की भी मांग काफी बढ़ गई है। आमतौर पर भाई-बहन नए कपड़े पहनकर ही रक्षाबंधन मनाते हैं। जिसके चलते स्लीमनाबाद की लगभग सभी कपड़ा दुकानों में अच्छी ग्राहकी दिखाई दे रही हैं। जिससे व्यापारी भी खासे उत्साहित नजर आ रहे हैं। व्यापारियों ने बताया कि साड़ियों में डिमांड काफी बढ़ गई है। इसके अलावा पुरुषों के लिए जींस, सर्ट, रूमाल आदि की खूब मांग है। ग्राहकों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए कई दुकानदार अधिक खरीदी पर तरह-तरह के आकर्षक गिफ्ट भी दे रहे हैं।

#### भाईचारे का पर्व कजलियां कल

भाईचारे का पर्व कजलियां कल मंगलवार को मनायी जाएगी। सायंकाल के समय घरों में बोई गई कजलियों को नदी घाटों में जाकर पूजन करने के बाद लोग अपने अपने देवी देवताओं को अर्पित करेगे। तत्पश्चात घर के बड़े बुजुर्गों को भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। साथ ही पड़ोसियों व दोस्तों के साथ कजलियां देकर आपसी गिले शिकवे दूर करेंगे।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने मिठाई की दुकानों से लिए नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



त्योहारों के मद्देनजर ग्राहकों को साफ, स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री मिल सके, यह सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने शहर की कई खाद्य पदार्थों का विक्रय करने वाली दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जांच टीम ने खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए।

जांच के दौरान देश भंडार स्वीट्स दुकान और इसके कारखाने से मिल्क केक, पेठा बर्फी, खोवा बर्फी, बादाम बर्फी, पंचरत्न नमकीन और कैडबरी सेलिब्रेशन समेत कुल 6 नमूने लिए गए। इसी प्रकार खोवा मंडी स्थित विजय खोवा भंडार से खोवा और पनीर का सैंपल लिया गया। वहीं शानू स्वीट्स से पेड़ा और मगज लड्डू के नमूने जांच के लिए लिए गए।

जांच टीम ने खोवा मंडी में तीन अन्य दुकानों में बिक रहे खोवा की भी जांच की, जो प्रथम दृष्टया ताजा प्रतीत हुआ।

जांच टीम ने सभी व्यापारियों को सख्त हिदायत दी है कि वे केवल साफ, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां और खाद्य सामग्री ही बेचें। टीम ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी। लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, भोपाल भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कार्रवाई: परमिट नियमों के उल्लंघन पर बस हुई जब्त

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर आरटीओ ने शुक्रवार को यात्री वाहनों की सघन जांच करते हुये परमिट नियमों के उल्लंघन पर बस को जब्त कर लिया। चेकिंग के दौरान, अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने वाहन क्रमांक एमपी 17 पी 2711 की जांच की। जांच में पाया गया कि यह वाहन बारात परमिट पर चल रहा था, लेकिन इसके अंदर सामान्य यात्रियों का परिवहन किया जा रहा था। यात्रियों को टिकट भी दी जा रही थी, जो कि परमिट के नियमों का उल्लंघन है। इस गंभीर अनियमितता को देखते हुए, परिवहन अधिकारी ने वाहन को बिना परमिट मानकर जब्त कर लिया। वाहन को आगे की कार्रवाई के लिए कुठला थाना में खड़ा किया गया है।



### मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण पर बैठक आयोजित



मतदान केन्द्रों के युक्तिकरण के संबंध में गुरूवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, उनके प्रतिनिधि सौरभ अग्रवाल, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर, कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि ईश्वर बहरानी और बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री डी.सी. राम उपस्थित हुये। कलेक्टर श्री यादव ने सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से मतदान केंद्रों को अधिक प्रभावी और सुगम बनाने के लिए उनके सुझाव और प्रस्ताव मांगे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना कमलकांत परस्ते, ढीमरखेड़ा, कटनी और बहोरीबंद के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) क्रमशः निधि सिंह गोहल, प्रमोद चतुर्वेदी और राकेश चौरासिया सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

## योजनाओं में लापरवाही और राशि के दुरुपयोग करने पर सचिव निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय योजनाओं में लापरवाही बरतना और शासकीय राशि का दुरुपयोग करना पंचायत सचिव को भारी पड़ गया है। जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने ढीमरखेड़ा की देवरी मंगेला पंचायत सचिव संदीप अग्रहरि को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान पंचायत सचिव को ढीमरखेड़ा जनपद मुख्यालय नियत किया है। जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा जारी आदेश के मुताबिक देवरी मंगेला में ग्रे वाटर मैनेजमेंट सीवर सिस्टम 10.02लाख रुपये की लागत से पूर्ण कराया गया है।किन्तु मौके पर चेम्बर में उपयोग होने वाले ढक्कन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं।सीवर सिस्टम कई जगहों से खुला है। जलभराव होने से ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतें हो रही है। 15वें और 5वें वित्त व अन्य मद से साफ सफाई के नाम पर 4 लाख 91 हजार रुपये व्यय किये गए, जबकि ग्राम पंचायत में साफ सफाई का अभाव है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत नल जल संधारण में करीब 3 लाख रुपये व्यय किये गए और कार्य नहीं कराया गया। पंचायत में कार्य करने के लिए नियम विरुद्ध तरीके से सामाग्री खरीदी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना की क़स्ति जारी कराने और मनरेगा पोर्टल पर जॉबकार्ड एक्टिव कराने में भी सचिव ने रुचि नहीं लिया। पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया लेकिन संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर सचिव के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई किया है।

### जिले में अब तक 733.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शुक्रवार 8 अगस्त तक कुल 733.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 976 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 710.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी।

## झंडा संहिता पर महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां शुरू हो गई। इस बार भी हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग थीम पर राष्ट्रीय पर्व का अभियान चलेगा। अभियान के तहत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे रंगोली एवं तिरंगा निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। रंगोली प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोलियों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण जैसे सामाजिक सरोकारों पर विशेष ध्यान दिया। शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता के माध्यम से जागरूकता फैलाने का कार्य किया।

प्रतिभागी बच्चों ने भारतीय सैनिकों के सम्मान में तिरंगे रंगों से सजी सुंदर राखियों का निर्माण किया। इन राखियों के माध्यम से बच्चों ने देश के प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव प्रकट किया। यह कार्यक्रम देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रेरणादायी उदाहरण रहा। साथ ही स्वच्छता एवं राष्ट्रप्रेम को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। रंगोली प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान पूनम नामदेव, दूसरा स्थान संजना लोधी, तीसरा स्थान कंचन बर्मन ने हासिल किया!

अभियान प्रभारी डॉ प्रीति यादव के द्वारा भारतीय झंडा संहिता के विषय पर व्याख्यान दिया। कहा कि भारतीय झंडा संहिता, 2002, राष्ट्रीय ध्वज के प्रदर्शन, फहराने और उपयोग से संबंधित नियमों और विनियमों का एक संकलन है। यह संहिता, राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान करती है। जिसके तहत झंडे को हमेशा सम्मानजनक और अलग स्थान पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए। झंडे को सूर्योदय के बाद फहराया जाना चाहिए और सूर्यास्त से पहले उतारा जाना चाहिए। झंडे का उपयोग किसी भी प्रकार के विज्ञापन या सजावट के लिए नहीं किया जाना चाहिए। झंडे का अपमान करने या उसका दुरुपयोग करने पर कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। झंडे को हमेशा सम्मान और गरिमा के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। झंडे का आकार आयताकार होगा और इसकी लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 3:2 होगा। झंडा तीन रंगों का होगा - केसरिया, सफेद और हरा। झंडे के केंद्र में अशोक चक्र होगा, जो धर्म और न्याय का प्रतीक है। भारतीय झंडा संहिता, 2002, का उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान को बनाए रखना और नागरिकों को इसके उपयोग के बारे में शिक्षित करना है।

### खाद्य एवं ओषधि प्रशासन विभाग नहीं करता नियमित रूप से जाँच

## खुले में बेंची जा रही खाद्य सामग्री, रजिस्ट्रेशन की जांच न शुद्धता की

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



तहसील क्षेत्र स्लीमनाबाद के प्रत्येक चौक चौराहों, मुख्य सडक़ों के किनारे, हर गली व मोहल्ले में आपको खाने के ठेले नजर आएंगे, इन फास्ट फूड के ठेलों में मिलने वाली खाद्य सामग्री की ना तो कभी जांच होती है ना ही यह विभाग से किसी तरह का लाइसेंस लेकर संचालित हो रहे है। मौसम बदलने के साथ ही बाहर की खाद्य वस्तुओं का उपयोग करने से स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इन खाद्य ठेलों पर मिलने वाली खाद्य सामग्री में शुद्वता है या नहीं इसकी जानकारी किसी को नहीं रहती है!

अगर इनके सेवन से कोई बीमार होता है तो जबावदारी किसकी होगी। इन खाद्य ठेलों में साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखा जाता है!

आसपास भी गंदगी नजर आती है। जिस तेल में इन खाद्य पदार्थों को बनाया जाता है उसे बार-बार गर्म किया जाता है तथा तब तक उसका उपयोग किया जाता है जब तक वह खत्म नहीं हो जाता है। अधिकांश ठेलों में तो खाद्य पदार्थ में सब्जियों व मसालों का उपयोग किया जाता है उसकी गुणवत्ता खराब होती है जो लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव डालती है। स्लीमनाबाद में वर्तमान में खाद्य पदार्थों की बिक्री करने वाले ठेलों की बाढ़ सी आ गई है। मार्गो व चौराहो पर में ठेले ही ठेले नजर आते है जिसमें मंगोड़े, मोमोस, फास्ट फूड, चाइनीज, नॉनवेज खाद्य, पराठा के साथ ही अन्य खाद्य पदार्थों के ठेलों की भरमार है। जिस हिसाब से खाद्य ठेलों की संख्या बढ़ रही है उस हिसाब से इन ठेलों की जांच नहीं होती है।

देखने में आया है कि तहसील मुख्यालय क्षेत्र में जिन भी स्थानों पर कोचिंग संस्थान तथा स्कूल है वहां पर इन खाद्य ठेलों की कतार देखी जा सकती है। इन ठेलों में सुबह से शाम तक कोचिंग व स्कूल के छात्र-छात्राएं नजर आएंगे जो बेखौफ इन खाद्य पदार्थों का सेवन कर तो रहे है लेकिन गुणवत्ता से अनभिज्ञन है।

#### अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

खाद्य एवं औषधी प्रशासन के खाद्य सुरक्षा अधिकारी जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर खाद्य पदार्थों की जांच करने निकलते है तो किराना दुकान, मॉल, डेयरी पर तो जांच करते है लेकिन लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले इन फास्ट फूड व खाद्य ठेलों पर जांच नहीं करते है।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया का कहना है कि बहोरीबंद विकासखंड क्षेत्र मे जगह जगह जो ठेले लग रहे है जिनमें खाद्य सामग्री की बिक्री होती है उनकी समय-समय पर इन दुकानों पर टीम पहुंचकर जांच करती है तथा खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाते है। फिर भी यदि कहीं समस्या है तो इसका विशेष रूप से अभियान चलाकर जाँच करवाई जाएगी।

## युवक से ढाई किलो गांजा जब्त, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बिलहरी चौकी पुलिस ने बाइक सवार एक युवक को गांजा की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया , नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी कुठला राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में की गई।

चौकी प्रभारी बिलहरी उप निरीक्षक सुयश पाण्डेय व हमराह बिलहरी पुलिस स्टाफ को क्षेत्र भ्रमण दौरान मुरावल चौराहे पर एक व्यक्ति मोटरसाइकिल टीवीएस विक्टर का चालक अपने पीठ में एक काले रंग का पिट्ठू बैग टांगें हुए दिखा जो पुलिस को देखकर मोटरसाइकिल का चालक मोटरसाइकिल को लेकर भागने का प्रयास करने लगा जिससे मौके पर उपस्थित स्टाफ व राहगीर साक्षियों के समक्ष वाहन मोटरसाइकिल चालक को रोका गया।

उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम जगन्नाथ काछी पिता संतोकी काछी 50 साल ग्राम मनु खमरिया थाना सिहोरा जिला जबलपुर का होना बताया मोटरसाइकिल चालक से उसके पीठ मे टांगे पीट्टू बैग के बारे में पूछने पर हड़बड़ाने लगा और संतोषजनक उत्तर नहीं देने पर बैग में अवैध वस्तु होने की संभावना होने से नियमों का पालन करते हुए चैक करने पर 2.50 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया।

उक्त आरोपी से अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया गया व आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### दो दिन नहीं होगा वेंकट पुस्तकालय का संचालन

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे नें नगर वासियों को भाई- बहन के पवित्र रिश्ते रक्षाबंधन तथा आपसी सौहार्द के प्रतीक कजलिया पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की है। निगमायुक्त श्री दुबे नें आम जनमानस को सूचित किया है कि रक्षा बंधन पर्व पर शनिवार 9 अगस्त तथा कजलिया पर्व रविवार 10 अगस्त को शासकीय अवकाश होने के कारण नगर निगम द्वारा संचालित वेंकट पुस्तकालय का संचालन बंद रहेगा। छात्र-छात्राओं, नागरिकों, पाठकों सहित प्रबुद्धजनों एवं जनसामान्य के लिए 11 अगस्त सोमवार से वेंकट पुस्तकालय का संचालन यथावत किया जायेगा।

### पेंशन हितग्राही 31 अगस्त के पूर्व कराएं आधार ई-केवाईसी

**कटनी।** नगर निगम के योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय नें नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त पेंशन हितग्राहियों को सूचित करते हुए कहा है कि ऐसे पेंशन हितग्राही जिन्होंने अब तक समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवाईसी नहीं कराई है वे तत्काल एम.पी. ऑनलाइन, नगर निगम जोनल कार्यालय अथवा नगर निगम कार्यालय से संपर्क करते हुए समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें। इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नगर निगम की पेंशन शाखा कक्ष क्रमांक 42 में संपर्क किया जा सकता है। योजना प्रभारी नें जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मंत्रालय द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को पृथक करने हेतु समस्त हितग्राहियों की ई-केवाईसी अनिवार्य कर दी गई है। ऐसी स्थिति में शासन द्वारा समस्त हितग्राहियों 31 अगस्त 2025 के पूर्व ई-केवाईसी कराने हेतु सूचित करने का निर्णय लिया गया है। आधार ई-केवाईसी नहीं कराए जाने की वजह से किसी भी पेंशन हितग्राही की पेंशन बंद (होल्ड) होने पर इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी स्वयं हितग्राही की होगी।

### जिले की 2.41 लाख से अधिक बहनों को मिली राशि

**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 41 हजार 225 हितग्राहियों के बैंक खाते मे 29 करोड़ 36 लाख 99 हजार 600 रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किया एवं रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर शगुन के तौर पर विशेष आर्थिक सहायता के रूप में 6 करोड़ 7 लाख 19 हजार 500 रूपये की राशि का भी अंतरण किया। इस दौरान कटनी कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसे यहां बड़ी संख्या में मौजूद लाड़ली बहना योजना की लाभार्थियों ने देखा व सुना। साथ ही यह कार्यक्रम विकासखंड स्तर और सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी दिखाया गया। रक्षाबंधन के उपलक्ष्य पर शगुन के तौर पर मिली 250 रुपये की अतिरिक्त राशि पाकर सभी महिलाएं बेहद उत्साहित दिखीं।

### जनसंवाद में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**कटनी।** ग्राम पंचायत खितौली में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने 125 ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे। लोक सुनवाई के दौरान ग्राम बड़गांव निवासी लक्ष्मण सिंह ने आवेदन देते हुये बताया कि मेरी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इसलिये मेरा गरीबी रेखा का कार्ड बनवाया जाय ताकि मुझे शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके। इस पर तहसीलदार को पात्रतानुसार गरीबी रेखा का कार्ड बनाने के निर्देश दिये गए। बरनमहगवां निवासी शिवम साकेश ने आवेदन देते हुये कहा कि 3 वर्ष पूर्व ट्रांसफार्मर जल गया था। परंतु अभी तक नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है। जिससे किसानों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस पर एमपीईबी को निश्चित समयावधि में आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

---

प्रशासनिक अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सौंप प्रमाण पत्र

# विजयराघवगढ़ में राजेश्वरी दुबे एवं कैमोर में पलक ग्रोवर निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





नगर परिषद विजयराघवगढ़ एवं कैमोर में शुक्रवार को निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुनी गई। नगर परिषद विजयराघवगढ़ में अध्यक्ष के रूप में राजेश्वरी दुबे तो कैमोर में पलक ग्रोवर निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुनी गई। विजयराघवगढ़, कैमोर नगर परिषद सभागार में सुबह प्रारंभ हुई निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में मात्र एक–एक फॉर्म जमा हुआ । कैमोर में संयुक्त कलेक्टर महेश मंडलोई एवं विजयराघवगढ़ में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति शर्मा ने समय सीमा में एक फॉर्म जमा होने एवं निर्वाचन फॉर्म की जांच के उपरांत विजयराघवगढ़ में श्रीमती राजेश्वरी दुबे को एवं कैमोर में श्रीमती पलक गौवर को परिषद के अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचन का विधायक संजय पाठक एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, अन्य वरिष्ठों की उपस्थिति में प्रमाणपत्र प्रदान किया। दोनों परिषदों के चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपना प्रत्याशी खड़ा करने में असफल रही। विजयराघवगढ़ विधानसभा में ढाई साल पहले भी तीनों नगर परिषदों, जिला पंचायत, जनपद पंचायत चुनाव कांग्रेस पार्टी अपना प्रत्याशी खड़ा नहीं कर पाई थी।

#### निर्विरोध निर्वाचन पर जताया आभार

विजयराघवगढ़ एवं कैमोर नगर परिषदों में भाजपा के प्रदेश संगठन की ओर से अधिकृत प्रत्याशी के तौर पर राजेश्वरी दुबे, पलक ग्रोवर के निर्विरोध निर्वाचन पर विधायक संजय पाठक ने इस विजय को क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा एवं उनकी ओर से मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं संगठन को समर्पित होना बताया। उन्होंने सभी पार्षदों सहित भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, चुनाव प्रभारियों, पार्टी पदाधिकारियों ,मंडल अध्यक्ष गणों कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया।

---



## स्वाधीनता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

कलेक्टर दिलीप यादव के निर्देशन एवं जिपं सीईओ शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में 8 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता ₹स्वाधीनता का उत्सव स्वच्छता के संग₹ मनाये जाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी तारतम्य में दिनांक 8 अगस्त को जनपद पंचायत बड़वारा सभागार में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वाधीनता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान का शुभारंभ बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा किया गया ।कार्यकम में तिरंगा बैच लगा कर सभी का स्वागत किया गया। विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा सभी को स्वच्छता का संकल्प दिलाया गया तथा सभी से अपने घरों में सफाई जल संरचना की सफाई पानी की बचत एवं संरक्षण की अपील की गई । बड़वारा मंडल के अध्यक्ष अनुराग गुप्ता द्वारा भी सभी से अपने ग्राम में स्वच्छता बनाए रखने का अनुरोध किया गया।

कार्यकम में जनपद पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रभा टेकाम ,थाना प्रभारी बड़वारा के. के. पटेल, बड़वारा ग्राम की सरपंच श्रीमती सुनैना बाई टेकाम , सहायक लेखाधिकारी गोविंद सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजीत सिंह, ब्लाक समन्वयक श्रीमती बबिता सिंह, ब्लाक समन्वयक सूर्यप्रताप सिंह, केतन गर्ग , स्वच्छता ग्राही राजेश चौधरी, कैलाश वर्मा, अमित सिंह, महिला बाल विकास से पर्यवेक्षक अर्पिता प्यासी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वसहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

---

*निगम अध्यक्ष ने कटनी नदी में चल रहे रिवर फ्रंट कार्य का लिया जायजा*

## रिवर फ्रंट निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, निगमाध्यक्ष ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कटनी नदी मोहन घाट में चल रहे रिवर फ्रंट के कार्य का निरीक्षण करते हुए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एण्ड डेवलपमेंट (पी.डी.एम.सी) के रेसीडेंस इंजीनियर वीशाल सैनी को लगाई फटकार । श्री पाठक के अनुसार रिवर फ्रंट के कार्य में लापरवाही की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थी कटाव को रोकनें एवं ढलानों को स्थिर करनें हेतु पिचिंग का मुख्य कार्य है उसके पत्थर कार्य पूर्ण होने के पूर्व निकलने लगे है प्राप्त शिकायतों पर श्री पाठक द्वारा निगमायुक्त को पत्र लिखकर कटनी नदी एवं कटाएघाट में चलरहे रिवर फ्रंट के कार्य की जांच करानें का उल्लेख किया गया है । श्री पाठक नें बताया कि,लगातार शिकायतें प्राप्त होने पर मौके पर पंहुच कर उनके द्वारा निरीक्षण कर जायजा लिया गया है ।

निगमाध्यक्ष नें जानकारी देते हुए बताया कि,शहर के मध्य कटनी नदी में रिवर फ्रंट का कार्य चल रहा है,जिसमें पिचिंग,टो वॉल,रेलिंग, पाथवे सीढ़ी ग्रीनरी आदि का कार्य किया जा रहा है । श्री पाठक नें निरीक्षण के दौरान स्थल का जायजा लेते हुए पाया कि,सीढ़ी अधिक ऊँची है जिससे वरिष्ट नागरिकों को काफी असुविधा होगी । श्री पाठक नें कहा कि,संबंधित एजेंसी एवं निगम के अधिकारियों को कार्य के पूर्व इन बातों का ध्यान रखना चाहिए ।

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें पी.डी.एम.सी के असिस्टेंट रेसीडेंस इंजीनियर सौरभ एवं नगर निगम के उपयंत्री अश्वनी पाण्डेय से नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश प्रदान किए है कि,जो सीढी बनाई गई है वो 8 इंच की है जो अधिक उंची है ,इससे वरिष्ट नागरिकों को सीढी चढनें,उतरनें में काफी असुविधा का सामना करना पडेगा इसके बगल में बनाई जाने वाली सीढ़ी 6 इंच की बनाई जावे । श्री पाठक नें कहा है कि संभव होतो पूर्व में निर्मित 8 इंच वाली सीढ़ी को भी 6 इंच किया जावे ताकि शहर के वरिष्टजनों को कोई असुविधा न हो । उन्होंने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा है कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

### चालीहा महोत्सव के आयोजन स्थल का किया निरीक्षण



निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें भगवान झूलेलाल चालीहा महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार 10 अगस्त को ( कटनी नदी )मसुराह घाट में आयोजित होने वाले चालीहा महोत्सव स्थल में व्यवस्थाओं का जायजा लिया । निगमाध्यक्ष नें बताया कि, चालीहा महोत्सव झूलेलाल चालीहा कमेटी झूलेलाल सेवा समिति द्वारा बडे ही हर्षोल्लास एवं सुन्दर प्रस्तुति के साथ मनाया जाता है। इस दौरान नगर की प्रसिद्ध मंडली बालक मंडली के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन समितियों के तत्वाधान में कराया जाता है। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कार्यक्रम स्थल पर निगम द्वारा की जाने वाली आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को दूरभाष पर निर्देश प्रदान किए है । श्री पाठक नें संबंधितों को कार्यक्रम पंहुच मार्ग पर विशेष साफ–सफाई के साथ चूने की लाईन,पेयजल ,प्रकाश व्यवस्था के साथ कार्यक्रम स्थल के आसपास कीट नाशक दवाईयों का छिडकाव करानें के निर्देश दिए है । निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखनें हेतु संबंधित विभागीय अधिकारी से दूरभाष पर चर्चा की है ताकि अवागमन में शहर के नागरिकों एवं श्रृद्धालुओं को कोई असुविधा का सामना न करना पडे ।

---

## बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम में नागरिकों से जलभराव, नालियों के जाम होने और वर्षा जनित समस्याओं संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। बाढ़ नियंत्रण अधिकारी श्री सागर नायक ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त प्रत्येक शिकायत को त्वरित संज्ञान में लेकर संबंधित विभागीय टीमों को तुरंत मौके पर भेजा जा रहा है, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने बताया कि शुक्रवार प्रातः से हो रही बारिश को देखते हुए कंट्रोल रूम में प्राप्त बाल गंगाधर तिलक वार्ड गली नंबर 9 में जल भराव की समस्या, बरगवां मुख्य मार्ग में अतिवर्षा के कारण जलभराव सहित उपनगरीय क्षेत्र स्थित माधवनगर मे बॉम्बे होटल के सामने नाली चोक हो जाने से मार्ग में जलभराव संबंधी शिकायतों से संबंधित क्षेत्रीय अमले को अवगत कराते हुए समस्याओं के तवरित निराकरण के प्रयास किये जाकर आवागमन सुलभ बनाया गया। निगमायुक्त श्री दुबे नें बताया कि आपात स्थिति में नागरिक सीधे बाढ़ नियंत्रण कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर 07622-292740 पर संपर्क कर सकते हैं। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है और यहां से प्राप्त जानकारी को मौके पर मौजूद दलों तक तुरंत पहुंचाया जाता है।

इसके अलावा, निगम की सफाई अमले और लोक निर्माण शाखा को निर्देश दिए गए हैं कि वे बारिश के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और प्रभावित क्षेत्रों में पानी की निकासी व सफाई कार्य सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही बिना देरी से करानें के सार्थक प्रयास करें। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की जल भराव संबंधी समस्या की सूचना सीधे कंट्रोल रूम नंबर में दें।

---

*सार्वजनिक भवनों एवं स्मारकों पर पार्षद करेंगे ध्वजारोहण*

## स्वतंत्रता दिवस पर महापौर सूरी करेंगी नगर निगम कार्यालय में ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नगर निगम कार्यालय में प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। नगर निगम कार्यालय के इस कार्यक्रम में वे जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगी। निगमाध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा नवीन जल शोधन संयंत्र-अमकुही मे प्रातः 8:30 बजे ध्वजारोहण किया जावेगा।

इसके अतिरिक्त मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू द्वारा फिल्टर हाउस कटाएघाट, डॉ रमेश सोनी द्वारा केसीएस उच्चतर माध्यमिक शाला, जय नारायण निषाद द्वारा यशोदा बाई पुत्री शाला, गोविंद चावला द्वारा शासकीय प्राथमिक कन्या शाला रॉबर्ट लाईन, सुरेन्द्र गुप्ता द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला टिकरिया लखेरा में ध्वजारोहण किया जायेगा। जबकि श्रीमती बीना संजू बैनर्जी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला निषाद स्कूल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट वार्ड, तुलसा गुलाब बेन द्वारा प्राथमिक शाला झिंझरी, सुमन राजू माखीजा द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला में ध्वजारोहण किया जावेगा। इसके अलावा नगर निगम सीमा अंतर्गत विभिन्न वार्डो में क्षेत्रीय पार्षद गणों द्वारा निर्धारित स्कूलों में ध्वजारोहण किया जावेगा।

पार्षद संतोष शुक्ला प्राथमिक शाला अंबेडकर वार्ड, रागिनी मनोज गुप्ता शा.उच्च.माध्यमिक शाला एनकेजे, अवकाश जायसवाल द्वारा अग्निशमन कार्यालय, मिथलेश जैन साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला, अर्चना विनीत जायसवाल प्राथमिक शाला रघुनाथ गंज एवं शासकीय प्राथमिक शाला टी.सी बजान 1 एवं 2, सचिन कुमार बहरे के.एल कनकने प्राथमिक शाला, संजू जीवन चौधरी शा0 प्रा0 शाला कावस जी वार्ड, नन्ही बाई गोटिया प्राथ शाला पुरैनी आधार काप, सीमा अरविंद श्रीवास्तव गोल बाजार पार्क, वंदना राजकिशोर यादव प्राथमिक शाला कुठला एवं शासकीय हाई स्कूल कुठला, सरला संतोष मिश्रा प्राथमिक शाला पहरूआ, ओमप्रकाश बल्ली सोनी प्रा.शा.नदी पार, नीतू कपिल रजक धन्ती बाई माध्यमिक शाला, शीला अज्जू सोनी स्वर्णकार प्राथमिक शाला, राजेश भास्कर प्राथ शाला सावरकर वार्ड, शीला सुखदेव प्रा0 शाला बालक, कन्या खिरहनी, फामिदा आफताब चोखे माध्यमिक शाला एनकेजे किदवई वार्ड में ध्वजारोहण किया जायेगा।

प्रभा राजू गुप्ता द्वारा प्राथमिक शाला एनकेजे लाल स्कूल, प्रेमवती रजक डब्बू सामुदायिक भवन राजीव गांधी वार्ड, श्रीमती पैरवी बिट्टू ए.रविन्द्र राव उमाशाला, श्रीमती खुशबू अनिरुद्ध नारायण सोनी गुलाबचंद प्राथमिक शाला, अजरा शाहीन पुरवार पुत्री शाला, मौसूफ बिट्टू शा कन्या शाला सिविल लाइन, सुशीला मिश्रीलाल प्रा शा मदन मोहन चौबे वार्ड, शशिकांत तिवारी शा0प्रा0शा0 बरगवां एवं अमकुही में ध्वजारोहण करेंगे।

---

### नये बनाए गए सॉफ्टवेयर से पटवारी हो रहे परेशान

## तकनीकी खामियां होने से समस्याओं पर कराया ध्यानाकर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



वेब जीआईएस 2.0 साफ्टवेयर के क्रियान्वयन और तकनीकी समस्याओं को लेकर अब पटवारियों ने नाराजगी जाहिर की है। पटवारियों का कहना है कि प्रदेश भर में वेब जीआईएस 2.0 साफ्टवेयर लागू किया गया है। लेकिन पोर्टल में अनेकों तकनीकी खामियाँ हैं। इन खामियों से पटवारियों के साथ साथ आमजनों को परेशान होना पड़ रहा है जिसको लेकर पटवारियों ने राजस्व मंत्री, प्रमुख सचिव राजस्व, आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें अपनी समस्याओं को रखते हुए उनके समाधान पर ध्यान आकर्षित कराया है।

पटवारी संघ के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक सिंह बागरी ने बताया कि म.प्र. भू राजस्व संहिता एव भू-अभिलेख नियमावली के अंतर्गत पटवारी के कार्य क्षेत्र में पटवारी का मुख्य कार्य भू अभिलेखों का संधारण करना है तथा अभिलेख के रखरखाव में पटवारी की जिम्मेदारी तय की गई है। किसी भी प्रकार के संशोधन होने पर संबंधित पटवारी को जानकारी प्राप्त होना चाहिए तथा सॉफ्टवेयर में किसी भी प्रकार के प्रयोग से पूर्व पटवारियों का अभिमत लिया जाना चाहिए तथा उचित अवसर प्रदान कर सॉफ्टवेयर संबंधित समस्याओं का समाधान करने के पश्चात ही किसी प्रकार का संशोधन संहिता के अनुसार करना चाहिये। नए सॉफ्टवेयर में आदेश अनुपालन में सभी नए प्रस्तावित आवेदकों का मोबाइल नंबर एवं ओटीपी अनिवार्य किया गया है, जबकि सबके पास पृथक पृथक मोबाइल नंबर होना संभव नहीं है अतः अनुपालन हेतु मोबाइल नंबर अनिवार्य किया जाना गलत है। नक्शा अनुपालन में 5 डेसिमल से छोटे नक्शा भी बनाना अनिवार्य है जो कि एमपीएलआरसी नियम विरुद्ध है। भू-अर्जन यदि किसी निजी भूमि को शासकीय प्रयोजन अंतर्गत अधिग्रहित किया जाता है तो उसके लिए अर्जन वाले भाग में पिता का नाम एवं अन्य व्यक्तिगत जानकारी मांगता है जो कि शासकीय भूमि बनाए जाने पर नहीं मांगी जानी चाहिए।

उक्त सॉफ्टवेयर में भू राजस्व संहिता का पालन नहीं होता है। उक्त सॉफ्टवेयर में कनिष्ठ अधिकारी द्वारा किये गये आदेश का अनुपालन वरिष्ठ अधिकारी द्वारा किया जाता है। जिसमें अगर कोई आदेश तहसीलदार या एसडीओ द्वारा पारित किया जाता है, उसमें भी नया खसरा जोडऩे या हटाने में कलेक्टर या वरिष्ठ अधिकारी से अनुमोदन करवाना पड़ता है जिसमे संबंधित पटवारियों के पास आदेश के पश्चात भी प्रकरण लंबित रहता है। साइबर तहसील से प्राप्त राजस्व प्रकरणों में पटवारी लॉग-इन होनी चाहिए ताकि संबंधित पटवारी को यह ज्ञात हो कि किस प्रकरण में क्या रिपोर्ट लगाई है।

---

### बाजार बैठकी वसूली हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**कटनी।** निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नगर निगम सीमांतर्गत संपूर्ण क्षेत्र में बाजार बैठकी वसूली हेतु मानेन्द्र सिंह, अतिकमण प्रभारी को प्रभारी अधिकारी बनाते हुए वसूली की कार्यवाही हेतु दो अतिरिक्त कर्मचारियों को नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि शासन निर्देशानुसार एवं नगर निगम के सम्मिलन प्रस्ताव में पारित संकल्प अनुसार नगर निगम सीमांतर्गत हांथ ठेला,फेरी वाले, रेहड़ी वालों से पंजीयन, वार्षिक, अर्द्धवार्षिक बाजार बैठकी शुल्क वसूल कर निगम कोष में जमा कराये जाने हेतु आदेशित किया गया था । किन्तु नियमित वसूली नहीं होने से निकाय की आय में अपेक्षा अनुरूप वृद्धि नहीं पाये जाने पर निगमायुक्त ने एक आदेश जारी कर अतिकमण प्रभारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। इसके साथ ही राकेश रजक देवेन्द्र बाजपेयी के साथ अतिक्रमण टीम में संलग्न कर्मचारियों का सहयोग लेते हुये प्रतिदिन निर्धारित बाजार बैठकी शुल्क वसूल करें।

---

## मौसमी बीमारियों पर रोक लगानें कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शुक्रवार प्रातः से हो रही तेज बारिश के दौरान नाले-नालियों के चोक होनें से नगर के कुछ सार्वजनिक सार्वजनिक स्थलों में उत्पन्न हुई जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर स्वच्छता मित्रों द्वारा जल निकासी के सार्थक प्रयास किये जाकर सुगम आवागमन बनाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि अतिवर्षा के दौरान बिरसा मुंडा वार्ड के खाली प्लाटों से जल निकासी के साथ ही वर्षा जल भराव की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए जयप्रकाश वार्ड स्थित नई बस्ती, जगमोहन दास वार्ड संतनगर स्थित सिद्ध बाबा कालोनी, वंशस्वरूप वार्ड एलआईसी आफिस के पास के मुख्य नाले सहित बस्तियों की नालियों, मंगल नगर पुलिया, गोलू रेस्टोरेंट के सामने वाले नाले सहित नगर के अन्य नाले एवं नालियों की सफाई कराई जाकर सुगम जल निकासी के प्रयास किये गए।

रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के दौरान बस स्टेंड, यात्री प्रतीक्षालय, मैकेनिक लाईन, मिशन चौक, सुभाष चौक, गोल बाजार, सुभाष चौक, स्टेशन रोड मुख्य मार्ग सहित प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के दौरान नगरीय एवं उपनगरीय वार्डो के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों सहित लोक सेवा केन्द्र शहरी परिसर की झाड़ियों की कटाई एवं सफाई का कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। वर्षाकाल के दौरान नगर में किसी भी प्रकार की बीमारी अपने पैर न पसार सके इस हेतु निगमायुक्त के निर्देश पर राजीव गांधी वार्ड में मित्तल गली से सिंघई कॉलानी, स्टेश रोड, संत नगर बस्ती की विभिन्न गलियों सहित नगरीय उपनगीय क्षेत्र के विभिन्न स्थलों में कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

## खबर संक्षेप

### श्रीकृष्णाल पर्व 16 अगस्त को

**दमोह।** संस्कृति विभाग द्वारा मानस भवन सभागार में 16 अगस्त 2025 को 'श्रीकृष्णे पर्व' पर "हलधर महोत्सलव एवं लीला पुरुषोत्तलम का प्रकटोत्सव" का आयोजन किया जायेगा। एक दिवसीय समारोह में श्रीकृष्ण केंद्रित नृत्य नाटिका एवं भक्ति गीतों के माध्यम से कलाकार सुरों से सुगंधित भक्ति की जमुना में श्रोताओं को गोते लगवाएंगे। कला की साधना में वर्षों से डूबे कलाकार मंच पर अपनी प्रस्तुति लेकर नमूदार होंगे। विविधा कला एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका के माध्यम से श्रीकृष्ण से अगाध प्रेम मंच पर जीवंत होगा। मुंबई की माधवी मधुकर झा भक्ति गीतों को अपनी मधुर आवाज देकर श्रोताओं की आत्मा को परमात्मा से मिलन करातीं प्रतीत होंगी। अंतिम सभा में सागर के अभिलाष चौबे श्रोताओं को भक्ति गीतों के सुमधुर रसों से सरोबार करेंगे।

### कलेक्टर ने शासकीय माध्यमिक शाला रसीलपुर का किया निरीक्षण

# कलेक्टर बने शिक्षक, बच्चों से किया संवाद, छात्रों को पढाई गणित व हिन्दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शुक्रवार की दोपहर 3:30 बजे शासकीय माध्यमिक विद्यालय रसीलपुर पहुंचकर शिक्षक का रोल निभाया, बच्चो से संवाद किया जहां उन्होने एक घण्टे का समय स्कूल में बिताया। बच्चो को गणित, हिन्दी, संस्कृत विषय पढाया।

कलेक्टर ने इस दौरान कक्षा 7वीं के बच्चों को गणित से संबंधित प्रश्नों को बोर्ड पर हल करके बताया। उन्होंने बोर्ड पर माइनस प्लस एवं गणित के फार्मूला के बारे में बताया। उन्होंने छात्र छात्राओं से संवाद करते हुए कक्षाओं में अध्ययनरत बच्चों से शैक्षणिक गुणवत्ता के बारे में जानकारी लेते हुए बच्चों से ब्लैकबोर्ड पर सवाल हल करवायें। वही कक्षा छठवीं में बच्चों के बीच बैठकर उनका अध्ययन कार्य देखा और कक्षा शिक्षक से अध्यापन कार्य करने को कहा जहां करीब 15 मिनट तक बच्चों के बीच बैठकर कलेक्टर ने शिक्षक द्वारा बच्चों को कराये जा रहे अध्यापन कार्य को विस्तार से समझाने को कहा

#### कक्षा आठवीं में कलेक्टर ने की नाराजगी व्यक्त

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर जब कक्षा आठवीं क्लास में पहुंचे तो शिक्षक द्वारा पढ़ाई जा रही संस्कृत विषय को लेकर छात्रों से पुस्तक पढ़ने के लिए कहा लेकिन छात्र-छात्राएं संस्कृत की पुस्तक नहीं पढ़ सके जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए शिक्षकों को रोजाना अभ्यास करने की सलाह व प्रशिक्षण लेने को कहा वही क्लास में उपस्थित बीआरसी, बीएसी व जन शिक्षक की मानीटरिग को लेकर सवाल खड़े करते हुए फटकार लगाई। जहां बीआरसी एम एल अहिरवार ने सतत निरीक्षण कर शिक्षकों को अभ्यास कराने एवं शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाने की बात कही। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को आगे बढने तथा तनाव मुक्त होकर पढ़ाई करने की सलाह दी। इसके उपरांत कलेक्टर ने स्कूल का निरीक्षण कर परिसर में क्षतिग्रस्त कक्ष का सुधार कार्य शीघ्र प्रारंभ करने सचिव को निर्देशित किया ताकि बच्चों को किसी भी प्रकार की बैठक व्यवस्था में परेशानी न हो। इस दौरान सहायक जिला परियोजना समन्वयक हरीश अहिरवार बीआरसी एमएल अहिरवार, बीएसी आनंद पटेल, जन शिक्षक देवेंद्र सिंह, प्रधानाध्यपक सुरेश श्रीवास्तव, सचिव जागेश्वर पटेल, रोजगार सहायक सुधीर काछी उपस्थित रहे।

### आयरन और कैल्शियम का सेवन 6 माह तक जारी रखे

# स्तनपान से माँ एवं शिशु दोनों को लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान संस्था एवं समुदाय स्तर पर स्तनपान केन्द्रित परामर्श सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। मुख्य खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.आर. बागरी ने बताया ब्लाक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नर्सिंग ऑफीसर द्वारा एनआरसी, ,प्रसवोत्तर वार्ड में भर्ती धात्री माताओं एवं उनके परिजनों व समुदाय स्तर पर सीएचओ एवं एएनएम ने ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर धात्री एवं गर्भवती माताओं को शिशु का स्तन से सही जुड़ाव, माँ या शिशु के बीमार होने पर भी स्तनपान जारी रखने, स्तनपान से शिशु एवं माँ को लाभ के संबंध में समझाइश दी गई। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, ग्राम कुंडलपुर में बनाया जिस्मे ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक अनिल कटारिया ने स्तनपान से शिशु को लाभ के संबंध में बताया यदि बच्चा बीमार हो, तब भी माँ अपना दूध पिलाती रहे। यह इसलिए जरूरी है क्योंकि माँ के दूध में वे सभी तत्व होते है, जो बीमारियों से लड़ने में मदद करते है और शिशु जल्दी ठीक हो जाता है। बच्चे के बेहतर मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक विकास के लिए जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान की शुरूआत कराना बहुत जरूरी होता है। माँ का दूध साफ-सुथरा, जीवाणु रहित होता है जो बच्चे को दस्त रोग एवं अन्य संक्रमण से बचाता है। शिशु को श्वांस से संबंधित समस्याओं, एलर्जी और त्वचा संबंधित रोगों से भी बचाव होता है। लगातार सफल स्तनपान कराने से माँ के स्तनों में अधिकाधिक दूध बनता है एवं स्तनों में भारीपन की समस्या भी नहीं होती। न्यूट्रिशन इंटरनेशनल से संभाग समन्वय मुकेश सुनानिया ने मातृ पोषण और आयरन, कैल्शियम का सेवन बच्चे के जन्म के बाद छः माह तक जारी रखना चाहिए ताकि मां और बच्चे को जरूरी पोषण मिलता रहे।

## कलचुरी महिला समिति ने किया 'आया सावन झूमके' कार्यक्रम का आयोजन



**दमोह।** कलचुरी महिला समिति द्वारा आया सावन झूमके का कार्यक्रम होटल उत्सव विलास सागर नाका दमोह में किया गया जिसकी मुख्य अतिथि डॉक्टर सुधा राय अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू वीरू राय रही। कार्यक्रम में फैशन शो, रैंप वॉक, डांस प्रतियोगिता हुई। श्रीमती आराधना राय खुशहाली ने कहा का त्यौहार है सावन हरियाली का त्यौहार है सावन कन्हैया को झूला झूलने का त्यौहार है सावन इस पर कविता प्रस्तुत की भावना शिवहरे ने अपनी कविता पेश की भारती राय द्वारा भजन पेश किया गया। श्रीमती गायत्री, कल्पना, किरण, प्रमिला, मयूरी ने दोबारा आया सावन झूम के गीत प्रस्तुत किया। डांस प्रतियोगिता एवं फैशन शो में दो उपहार फर्स्ट व सेकंड श्रीमती सीमा राय श्रीमती गायत्री राय श्रीमती मयूरी श्रीमती निधि राय को प्रदान किए गए। कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर सोनम राय, दीपा राय, नेहा शिवहरे, विनीता प्रीति, संगीता, निधि, सपना, शैली, शक्ति, पूजा, मानसी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रंजन, आराधना, नीता राय, नीलू, अर्चना, रुक्मणी, शीला, रजनी, उषा, नीलम, रश्मि, श्रद्धा, विजेता, रंजन चौकसे, प्रभा, मोनिका, लता, प्रीति, साधना, सीमा, सुनीता, अंशु, रीता, मंजूषा, सरिता राय, वर्षा, दीप्ति, प्रियंका, मानसी, शीला, मुंखारिया दीदी आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में डॉक्टर सोनम राय द्वारा स्वदेशी अपनाओ पर शपथ दिलवाई गई। सभी कलचुरी महिला समिति के सदस्यों ने एक दूसरे को भाई बहन का त्यौहार रक्षाबंधन की अग्रिम शुभकामनाएं और एक दूसरे का आभार व्यक्त किया।

## बाढ़ग्रस्त ग्रामों में खाद्य सामग्री वितरित




**तेंदूखेड़ा।** तहसील तेंदूखेड़ा में बीते दिनों में अतिवर्षा होने एवं व्यारमा नदी में बाढ़ आने के कारण लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। व्यारमा नदी के किनारे बसे ग्रामों मैं बाढ़ का पानी भर गया जिससे घर गृहस्ती, खाने-पीने का सामान नष्ट हो गया। बाढ़ ग्रस्त परिवारों के लिए खाद्य सामग्री एवं स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बैग एवं पढ़ने लिखने की सामग्री राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह आर्थिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराई गई। 6 कुंटल आटा 6 कुंतल चावल डेढ़ कुंटल अरहर दाल 7 जार मीठा तेल मसाला शक्कर चाय पत्ती के पैकेट तैयार कर ग्राम झमरा, खंमतरा चोर खमरिया मोटे का सर्रा कोसमदा,टेढ महंगुवां में निवासरत परिवारों को घर-घर जाकर खाद्य सामग्री प्रदाय की गई। बाढ़ ग्रस्त परिवारों के लोगों ने इस कार्य की प्रशंसा की और धन्यवाद दिया। आर्थिक सहयोग करने वाले सदस्य श्रीमती बबीता कौशल सिंह पोर्ते सहकारिता एवं उद्योग सभापति दमोह श्रीमती कौशल्या मेमार पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, कौशल सिंह पोर्ते प्रदेश सह सचिव गोंड समाज महासभा मध्य प्रदेश जगदीश मेमार पूर्व पटवारी संघ ब्लॉक अध्यक्ष, तेजी से ठाकुर अध्यक्ष राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह आर्थिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा, लखन सिंह मरकाम संभागीय कार्यवाहक, हुकम सिंह ठाकुर, मुंशी सिंह ठाकुर, प्रताप सिंह मरावी, हरिनारायण मरावी, चित्तर सिंह ठाकुर, जालम सिंह मरकाम, भाई लाल गोंड, प्रेम सिंह मरकाम, सोने सिंह ठाकुर, विशाल सिंह परस्ते, मुंशीलाल तेकाम, कमल सिंह तेकाम, रमेश सिंह ठाकुर, लाखन सिंह कुलश्ते, सोनाक्षी ठाकुर, कैलाश मरकाम, मिट्ठू सिंह सैंयाम, इंद्र कुमार, पंद्राम सुनील कुमार धुर्वे, माधव सिंह मरकाम, तेजी सिंह तेकाम, एवं समस्त समिति के सदस्यों द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए आर्थिक मदद देकर अपना योगदान दिया।

## असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन

**दमोह।** शहर वर्धमान कॉलोनी दमोह में असाटी परिवार जुझार वालों के निज निवास पर असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन हुआ जिसमें आचार्य पंडित देवब्रत शास्त्री सागर वालों ने प्रातः काल से ही बड़े ही विधि विधान के साथ शिवलिंग निर्माण का पूजन अर्चन रुद्राभिषेक कराया गया। एवं असाटी परिवार जुझार वालों ने पूजन अर्चन रुद्राभिषेक किया। एवं हवन पूजन हुआ। आचार्य पंडित देवब्रत शास्त्री सागर वालों ने पार्थिव शिव की महिमा बताते हुए कहा कि कलिकाल में पार्थिव शिव पूजन की बड़ी महिमा है सतयुग में स्वर्ण, त्रेतायुग में चांदी, द्वापरयुग में रत्न, एवं शिवपुराण में रुद्र संहिता के अंतर्गत पार्थिव शिव की पूजन बड़े ही विस्तार से बताई है, जैसे भोलेनाथ की सवारी नंदी है, माताजी की सवारी शेर है, शिव जी के गले में विष है, लेकिन माथे पे चंद्रमा है, जिसमें अमृत की कला है, इसलिए हर व्यक्ति को महादेव की उपासना करना चाहिए। पूजन की व्यवस्था में पंडित वासु उपाध्याय ने सहयोगी रहे। एवं ढोल नगाड़ों के साथ बेलाताल दमोह में भोलेबाबा का विसर्जन किया गया।

## डबल लाख गोदाम में कूपन संख्या 801 से 1600 तक हुआ खाद वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

डबल लाक स्थित गोदाम में शुक्रवार को दूसरे दिन कूपन क्रमांक 801 से 1600 तक के किसानों को खाद का वितरण किया गया। वितरण प्रक्रिया के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की तैनाती की गई थी, जिससे संपूर्ण प्रक्रिया शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। ज्ञात होगी इसके पहले गुरुवार को भी कूपन एक से लेकर 800 तक के किसानों को खाद वितरण किया जा चुका है



अब इसके बाद 11 तारीख को 1600 से लेकर 2200 तक के कूपन जारी किसानों को खाद दिया जाएगा। एक कूपन पर दो-दो बोरी खाद दिया जा रहा है। बीच-बीच में निरीक्षण के लिए प्रशासनिक अधिकारी जिम एसडीएम सौरव गंधर्व एवं नायब तहसीलदार चंद्रशेखर शिल्पी गोदाम पहुंचे और व्यवस्था का जायजा लिया। इस संबंध में गोदाम प्रभारी तूफान पटेल ने बताया कि अब तक 16 00 किसानों के लिए खाद वितरित किया जा चुका है अब 11 तारीख को खाद वितरण 1600 से 2200 तक जारी कूपन वालों को किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि गुरुवार को कुछ कूपन लिए किसानों की बही और आधार कार्ड के मिलान नहीं होने के कारण उनको खाद नहीं दिया गया है।

## अपना टाइम टेबल स्वयं निर्धारित कर संपूर्ण पाठ्यक्रम अक्टूबर माह तक पूर्ण कर लें -कलेक्टर

### कक्षा दसवीं के प्रखर विद्यार्थियों की कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में जिले के ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने कक्षा नवमी में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने के बाद कक्षा दसवीं में अध्यनरत है ऐसे विद्यार्थियों को प्रखर विद्यार्थी माना गया है। ऐसे विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा में मेरिट में अपना स्थान एवं आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में अपना स्थान सुनिश्चित करें इस



उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आशय के विचार कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने विद्यार्थियों से बात करते हुए व्यक्त किये। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आप अभी छोटी क्लास में है लेकिन आगे जाकर आपको विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं को फेस करना है, लेकिन यदि अभी से आपने अपनी तैयारी पर जोर दिया तो निश्चित ही आप वही विद्यार्थी हैं जो आने वाले समय का भविष्य होंगे। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संदर्भ में भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण टिप्स दिए। इस दौरान विद्यार्थियों ने कलेक्टर श्री कोचर से तरह-तरह के प्रश्न किये, बालाकोट से आई देवकी अहिरवार ने कहा सर मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है जिसके कारण मुझे परीक्षा की फीस जमा करने में दिक्कत हुई इस पर कलेक्टर कोचर ने संबंधित छात्रा की फीस वापस करने हेतु विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। छात्र के आधार कार्ड में सुधार हेतु आश्वासन दिया कि आपका आधार कार्ड भी ठीक हो जाएगा। आपकी सारी समस्या हम हल करेंगे बस आपको अच्छी तरह से पढ़ना है। आने वाला आपका भविष्य उज्वल होगा। उन्होंने सभी प्रखर बच्चों से कहा अपना टाइम टेबल स्वयं निर्धारित कर संपूर्ण पाठ्यक्रम अक्टूबर माह तक पूर्ण कर लें ताकि वार्षिक परीक्षा के पहले दो या तीन रिवीजन का मौका आपको मिल सके तभी आप मेरिट में आने की कल्पना कर सकते हैं। कार्यशाला में विभिन्न विषयों के विषय विशेषज्ञों ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। तेंदूखेड़ा से आए आदित्य जैन ने चार्टर्ड अकाउंट के संदर्भ में अपना मार्गदर्शन दिया।

विद्यालय के प्राचार्य आर पी पटेल ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया इसके अलावा अंग्रेजी विषय के संदर्भ में महत्वपूर्ण टिप्स मनीष नेमा, प्रदीप जैन व विज्ञान में आदित्य चौरसिया ने भी अपनी बात रखी संपूर्ण कार्यक्रम का समन्वय सहायक परियोजना समन्वयक मोहन राय ने किया। कार्यशाला में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता की।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण...

# सांदीपनि विद्यालय जबेरा का जिपं उपाध्यक्ष एवं जिला एडीपीसी ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा का शुक्रवार को जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू धर्मेंद्र कटारे एवं जिला एडीपीसी एसके असा टी द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला एडीपीसी के विद्यालय पहुंचते ही प्राचार्य संजय बाजपेई एवं उपप्राचार्य अजय सिंघई द्वारा स्वागत करते हुए विद्यालय की गतिविधियों से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे एवं जिला एडीपीसी एसके असाटी द्वारा कक्षा 06 से 12 तक की कक्षाओं का अवलोकन किया एवं छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक स्तर को परखा और उनसे संवाद भी किया गया। साथ ही कक्षा केजी 01, केजी 02 एवं कक्षा पहली के छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से आयोजित किए गए रक्षाबंधन कार्यक्रम में अपनी सहभागिता भी निभाई। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिला एडीपीसी द्वारा संपूर्ण विद्यालय का अवलोकन करते हुए विद्यालय की साफ सफाई एवं विद्यालय में संचालित गतिविधियों और उपलब्धियों की जमकर सराहना की गई। साथ ही उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की सूची प्राप्त कर उन्हें पुरस्कृत कराने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे एवं जिला एडीपीसी एसके असाटी द्वारा विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया और विद्यालय के नवीन भवन का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर प्राचार्य संजय बाजपेई, उप प्राचार्य अजय सिंघई, शिक्षक उमेश शर्मा, पप्पू राय, रामकिशोर शर्मा, मुकेश नामदेव, माखन साहू, विनोद पटेल, विवेक जैन, सुखनंदन साहू, मुन्नी ठाकुर, अर्चना खरे, विभा तिवारी, दुर्गा पटेल, प्रीति सुमन, रिंकी साहू सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## आयुष औषधालय भवन का किया भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

दमोह जिला की जबेरा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बनवार में स्थानीय विधायक धर्मेंद्र सिंह लोधी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार ने आयुष औषधालय भवन का भूमिपूजन किया। यह भवन 46 लाख रुपये से भी अधिक की राशि से बनकर तैयार किया जाएगा और लगभग 10 माह में बनकर तैयार होगा। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि औषधीय उपचार हमारी पुरानी परंपरा है और आज हम जहां अंग्रेजी दवाओं का सेवन करते हैं, इस पद्धति को बदलना चाहिए। इस अस्पताल के निर्माण से आप सभी को विभिन्न सुविधाएं प्राप्त होंगी और उचित उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम बनवार में आयुष औषधालय भवन के अलावा भी कई अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें फायर टैंकर, पाइप लाइन विस्तार, मोटर पंप, स्ट्रीट लाइट, बाउंड्री वॉल निर्माण, लोधी भवन, चबूतरा निर्माण, शेड निर्माण कार्य और सीसी रोड निर्माण शामिल हैं। मंत्री लोधी ने आगे बताया कि 37 करोड़ रुपये की लागत से सांदीपनी स्कूल का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें बच्चे उच्च शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद की शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। इस स्कूल में प्राइवेट स्कूलों से भी अच्छी शिक्षा प्रदान की जाएगी, जिससे बच्चे अपना भविष्य तय कर सकेंगे। इसके अलावा, मंत्री लोधी ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार निरंतर बेटा-बेटियों की चिंता कर रही है और अब छात्रों को भी साइकिल देने का काम करेंगे। इससे शिक्षा के स्तर में सुधार आएगा और छात्रों को स्कूल आने-जाने में समय की बचत होगी। कार्यक्रम में शिक्षक गण, आयुष विभाग के डॉक्टर, बनवार मंडल अध्यक्ष रोहित जैन रिंकू, पंडित उमाशंकर शास्त्री, सरपंच सुभाष अहिरवाल और बड़ी संख्या में अन्य प्रतिनिधि और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## संस्कृत भाषा एक वैज्ञानिक भाषा है जिसे प्रत्येक व्यक्ति को सीखना चाहिए - पं कुंजीलाल डिम्हा

**दमोह।** तीर्थ क्षेत्र श्री देव जागेश्वर नाथ जी मंदिर परिसर में स्थित संस्कृत वेद वेदांग विद्यालय में संस्कृत सप्ताह का क्रमानुसार कारय क्रम चल रहा है मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि आज संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत शिव शिक्षा सदन हाईस्कूल बम्होरी बांदकपुर में संस्कृत वेदांग विद्यालय के प्राचार्य पंडित कुंजीलाल डिम्हा के द्वारा संस्कृत क्यों आवश्यक के विषय पर छात्र-छात्राओं के बीच व्याख्यान दिया गया संस्कृत विद्यालय के प्राचार्य पंडित कुंजीलाल डिम्हा ने कहा कि संस्कृत भाषा का अध्ययन कई कारणों से आवश्यक है, जिनमें हमारी सांस्कृतिक विरासत को समझना, प्राचीन ग्रंथों तक पहुंच प्राप्त करना, और भाषा के वैज्ञानिक और तार्किक पहलुओं को जानना शामिल है। संस्कृत हमारी प्राचीन भाषा है और भारतीय संस्कृति, साहित्य, और दर्शन का आधार है वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, और अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथ संस्कृत में लिखे गए हैं संस्कृत को दुनिया की सबसे स्पष्ट और वैज्ञानिक भाषाओं में से एक माना जाता है। संस्कृत सीखने से याददाश्त और एकाग्रता में सुधार होता है संस्कृत ने कई आधुनिक भाषाओं को प्रभावित किया है और इसका साहित्य, व्याकरण, और शब्दावली अन्य भाषाओं के विकास में महत्वपूर्ण रही है। प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक, जैसे चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट, और वराहमिहिर ने अपने वैज्ञानिक ग्रंथों को संस्कृत में लिखा था संस्कृत साहित्य में नैतिकता, धर्म, और आध्यात्मिक ज्ञान से संबंधित ज्ञान मिलता है।

संस्कृत मानवता को समझने और सही व्यवहार का पालन करने में मदद करती है संस्कृत का अध्ययन परमात्मा की संतुष्टि के लिए भी किया जाता है संस्कृत में कई सूक्तियाँ हैं जो जीवन के बारे में ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करती हैं संक्षेप में, संस्कृत भाषा का अध्ययन न केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत को समझने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारे मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## खबर संक्षेप

### बाइक सवार घायल

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार की रात 10 बजे तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जबलपुर मार्ग पर स्थित 27 मील के पास एक बाइक सवार युवक सड़क पर मृतक पड़े मवेशी से टकराने से हादसे का शिकार हो गया घटना की सूचना राहगीरों द्वारा 108 वाहन को दी गई। जहां सूचना मिलते ही 108 से डॉ संदीप ठाकुर पायलट नरेश आठ्या मौके पर पहुंचे और घायल को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। लेकिन युवक की हालत गंभीर होने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। हादसे में घायल युवक की पहचान अनिल पिता गौर साहब पटेल उम्र 40 वर्ष पथरिया के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि युवक पथरिया से जबलपुर जा रहा था।

### तीन लोगों को जमानत मिली

**दमोह।** 31 जुलाई को वन परिक्षेत्र सर्रा में वन विभाग में कुसमी तिगड्डा के पास सागौन के कुछ पेड़ कटे हुए डले थे जिन्हें आरोपियों के द्वारा ले जाते हुए पकड़े जाने का आरोप था। तीनों आरोपियों को दिनांक 06 अगस्त 2025 को जमानत पर जिला न्यायालय दमोह के न्यायाधीश के द्वारा जमानत पर रिहा करने का आदेश पारित किया गया। मामले की पैरवी करने वाले अधिवक्ता वकील शेख जहूर ने जिन्होनें बहस करी और आरोपियों की जमानत करवाई।

शिकायतकर्ता से बिजली चोरी का केस निपटाने के लिए मांगे थे दस हजार रुपए

# पांच हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया बिजली कंपनी का लाइनमैन

**तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तेजगढ़ हर्रई बिजली विभाग कंपनी का मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़



तेंदूखेड़ा पुलिस अनुविभाग के तेजगढ़ थाना क्षेत्र के हरई में पदस्थ बिजली कंपनी के लाइनमैन को सागर लोकायुक्त की टीम ने शुक्रवार की सुबह 11 बजे 5000 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी लाइनमैन गणेश प्रसाद मालवीय ने बिजोरी निवासी आटा चक्की संचालित करने वाले खुमान सिंह लोधी से बिजली चोरी के प्रकरण को रफा दफा करने के एवज में ₹10000 हजार की रिश्वत की मांग की थी, जिसके बाद खुमान सिंह सागर लोकायुक्त में शिकायत की और यह कार्रवाई की गई। लोकायुक्त टीआई मंजू किरण टिर्की ने बताया कि शिकायतकर्ता खुमान सिंह लोधी ने 6 जुलाई को सागर लोकायुक्त में आकर शिकायत की थी कि उसके द्वारा आटा चक्की संचालित की जाती है जिस पर बिजली कंपनी के द्वारा ओवरलोड और बिजली चोरी का झूठा प्रकरण बनाया गया है। अब बिजली कंपनी का लाइनमैन केस को रफा दफा करने दस हजार रूपये की मांग कर रहा है। टीआई मंजू के अनुसार पहली किस्त पांच हजार रूपये देते समय आरोपी लाइनमैन को गिरफ्तार किया गया। वही शिकायतकर्ता खुमान सिंह लोधी का कहना है कि उसने 6 जुलाई को लाइनमैन मालवीय को पांच हजार रूपये की रिश्वत दी थी जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उसने कर ली थी। उस रिकॉर्डिंग को लेकर वह सागर पहुंचा था वहां उसने सबूत प्रस्तुत किया और लिखित आवेदन दिया और आज शुक्रवार को टीम ने दूसरी किस्त पांच हजार लेते समय उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### कार्रवाई में यह रहे शामिल

सागर लोकायुक्त की इस पूरी कार्रवाई में निरीक्षण मंजू किरण टिर्की निरीक्षण रणजीत सिंह प्रधान आरक्षक अजय क्षत्रिय और रक्षक संतोष गोस्वामी आरक्षक निलेश चौबे आदेश तिवारी प्रदीप दुबे गोल्डी सहित अन्य स्टाप मौजूद था।

# जिले के 1793 बाढ़ प्रभावित हितग्राहियों को एक करोड़ 87 लाख रुपए की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से दमोह जिले के 1793 बाढ़ प्रभावित हितग्राहियों को एक करोड़ 87 लाख रुपए की राशि अंतरित की। इस अवसर पर राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमारिया, मासाब भाव सिंह लोधी , गोपाल पटेल, राघवेंद्र सिंह परिहार, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत एसडीम आरएल बागरी एवं हितग्राही मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश सरकार संकट की घड़ी में बाढ़ प्रभावित परिवारों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन से प्रदेश के 28 हजार से अधिक बाढ़ प्रभावितों को 30 करोड़ की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण कर प्रभावितों से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर दमोह जिले के ग्राम झमरा के रहने वाले हेमराज सिंह गौड़ आज वर्चुवली मुख्यमंत्री जी से बात हुई मुख्यमंत्री जी ने पूंछा क्षेत्र में क्या कैसी बाढ़ आई थी, हमारे सरपंच जी भी साथ में आये थे। हमने बताया की शासन- प्रशासन द्वारा व्यवस्था की गई, खाना पीना की व्यवस्था के लिये स्कूल में कैंप चलता रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री जी को राशि वितरण के लिये धन्यवाद दिया । जिले के ग्राम तारादेही की रहने वाली श्रीमती हल्लीबाई ठाकुर कहती हैं आज कलेक्ट्रेट कार्यालय आई थी मुख्यमंत्री जी से मेरी चर्चा हुई है बाढ़ में मेरे घर का जो नुकसान हुआ है उसका लाभ दिया है, मैं मुख्यमंत्री जी का बहुत बहुत धन्यवाद करती हूं। जनपद पंचायत तेन्दूखेड़ा के ग्राम झमरा सरपंच प्रतिनिधि युवराज यादव ने मुख्यमंत्री जी को बताया बाढ़ पीड़ति मकान क्षति की राशि का वितरण किया है और हमारे ग्राम झमरा, खमतरा हमारी पंचायत के अंतर्गत आते हैं उन दोनों ग्रामों में अतिवृष्टि के कारण लोगों के मकान, खाना-पीना, कपड़ा सब बरवाद हो गये । हमारी ग्राम पंचायत के द्वारा तुरंत लोगों को खाने-पीने की लगातार चार-पांच दिन ग्राम पंचायत के द्वारा भंडारा दिया गया एवं शासन द्वारा मदद की गई। तारादेही सरपंच प्रतिनिधि मुकेश जैन ने बताया आज मुख्यमंत्री जी से ऑनलाईन बात हुई है और जिन-जिन के मकान छति हुये है मुख्यमंत्री जी ने आज बाढ़ पीड़तिों को राशि भी डलवाई है।

# मुक्तिधाम नहीं होने से दाह संस्कार में हो रही परेशानियां



**हटा।** विकास के तमाम वादे और दावे ग्रामीण अंचल में किस तरह दम तोड़ रहे हैं। इसका अंदाजा मुख्यालय से 3 किलोमीटर की दूरी पर बसे बोरी कला ग्राम पंचायत के अधीनस्थ आने वाले छोटे से ग्राम छेवला गंगाराम से लगाया जा सकता है जहां शुक्रवार को रसीलपुर स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को छेवला गंगाराम के ग्रामीणों ने लिखित आवेदन देकर गांव में मुक्तिधाम नहीं होने से दाह संस्कार में हो रही परेशानियों की आपबीती सुनाते हुए बताया कि साहब हमारे गांव में व्यक्ति के मरने के बाद उनकी अंतिम यात्रा भी सुकून से पूरी नहीं हो पा रही है। रामदीन अहिरवार दिनेश गोंड खेमचंद पटेल सोनू अहिरवार विजय ने कलेक्टर को बताया कि गांव से 2 किलोमीटर दूर दूर अंतिम संस्कार के लिए जाना पड़ता है जहां पर कोई रास्ता भी नहीं है जिससे अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर बारिश के दिनों में अंतिम संस्कार के लिएं घंटो इंतजार करना पड़ता है। बारिश के दिनों में अंतिम संस्कार की रस्म परिजनों को प्लास्टिक की पन्नी तानकर अथवा छाता लगाकर करने को मजबूर होना पड़ता है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया है। जहां कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग को गंभीरता से लेते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही गांव में मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाएगा।

## पंच-ज अभियान अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण सम्पन्न



**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पंच-ज अभियान अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण अभियान अंतर्गत आज जिला न्यायालय परिसर दमोह में श्री पी.सी.गुप्ता, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह की उपस्थिति में मिशन ग्रीन संस्था दमोह के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर स्थित वाउंड्रीवॉल के समीप पौधे रोपित कर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश उदय सिंह मरावी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मोहम्मद अजहर सहित जिला मुख्यालय के समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ श्री कमलेश भारद्वाज, शासकीय अधिवक्ता श्री मुकेश जैन सहित अन्य अधिवक्तागण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा भी पौधों का रोपण किया गया। ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 15 जुलाई से 15 सितम्बर 2025 तक संचालित पंच-ज अभियान अंतर्गत में संपूर्ण जिले में 10000 पौधे लगाये जाने का लक्ष्य दिया गया है। जिसके परिपालन में आज जिला न्यायालय में वृक्षारोपण हेतु मिशन ग्रीन संस्था के द्वारा पौधे उपलब्ध कराये गये। उक्त अभियान हेतु जिला मुख्यालय दमोह सहित तहसील विधिक सेवा समितियों हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा में भी वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

## परिवार के साथ बांदकपुर पहुंचकर राज्यमंत्री श्री लोधी ने किया पूजन



**दमोह।** जबेरा विधानसभा से विधायक एवं प्रदेश के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेंद्र सिंह लोधी सावन माह के पावन अवसर पर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर पहुंचे। उन्होंने मां एवं धर्मपत्नी के साथ देवाधिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ जी का विधि विधान से अभिषेक किया। तदोपरांत गोवर्धन पर्वत पर पौधारोपण किया। मंत्री श्री लोधी ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की नगरी बांदकपुर में भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए कामना की। श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान भोलेनाथ की नगरी में कॉरिडोर निर्माण की मांग चली आ रही थी, जिसको मुझे पूर्ण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है आने वाले समय में भोले बाबा का दरबार दिव्य एवं भव्य रूप लेगा।

# में और मेरा तिरंगा हस्ताक्षर अभियान की हुई शुरूआत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

हर घर तिरंगा अभियान के तहत शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उ मा विदमोह के प्रांगण में मै और मेरा तिरंगा हस्ताक्षर अभियान की भव्य एवं गरिमामय शुरूआत की गई। हजारों की संख्या में विद्यार्थियों ने विजयी विश्व तिरंगा प्यारा समूह गान से सारा वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने किया। दीप प्रज्जवलन व सरस्वती वंदना व भारत वंदना की सुंदर प्रस्तुति की गई। राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त जिले के बहुआयामी प्राचार्य डॉ आलोक सोनवलकर ने तिंरगे के गौरवशाली इतिहास का परिचय दिया। सी एस पी एच आर पाण्डेय नें देश प्रेम की भावना पर जोर दिया। मुख्य अतिथि सुशील नामदेव ने कहा कि हम अच्छे देशप्रेमी तभी बनेंगे, जब हम नागरिक के तौर पर अपने कर्त्तव्य का पालन करेंगे। अपने कार्यनिष्ठा से ही हमारा देश, नंबर वन श्रेणी में विश्व का नेतृत्व कर पाएगा। अतिथि कलाकार सेडमेप प्रभारी पी एन तिवारी ने देशभक्ति गीतों की प्रभावशाली प्रस्तुति दी और सबका मन मोह लिया। शिक्षिका नीतू ठाकुर नें रंग दे वसंती चोला की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में ए.डी.पी.सी एस के असाटी, एपीसी मोहन राय, श्रीमती सीमा अग्रवाल, निशा असाटी सहित शैक्षिक स्टॉफ की उपस्थिति बडी संख्या मे रही। कार्यक्रम का समापन वंदेमातरम के साथ किया गया। संचालन श्रीमती श्रुति राजपूत ने किया। आभार प्रदर्शन आर बी सिंह एवं डी पी सेन ने किया।

**मडिया गांव में गुरुवार रात भैरव महाराज की मूर्ति गायब होने की घटना से आक्रोश, आरोपी की पतासाजी में जुटी पुलिस**

# गड़े धन के लालच में जेसीबी से खुदाई काल भैरव की मूर्ति गड्ढे में दबी मिली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह आनु मार्ग के साडिया मडिया गांव में गुरुवार रात भैरव महाराज की एक प्राचीन प्रतिमा गायब हो गई। शुक्रवार सुबह लोगों ने देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों के अलावा हिंदू संगठन से जुड़े लोग भी पहुंच गए और पुलिस पर प्रतिमा चोरों को तत्काल पकड़ने का दबाव बनाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बांदकपुर चौकी प्रभारी और इसके बाद एसडीओपी प्रिया सिंधी और फिर एलआईबी की टीम मौके पर पहुंची और मूर्ति को आसपास देखा गया जब कुछ नहीं मिला तो जेसीबी से खोदे गए करीब तीन फीट गड्ढे के ऊपर से जमा मिट्टी को हटवा कर देखा गया तो करीब 6 घंटे बाद भारी बजनी काल भैरव महाराज की मूर्ति चबूतरे के पास ही गड्ढे में मिट्टी में दबी मिली। स्थानीय सुनील तिवारी ने बताया कि साडिया गांव में गढ़े धन खोजने के लालच में कई बार लोग यहां पहुंचते हैं। एक आशंका यह भी जताई जा रही है कि चबूतरे के पास में गढ़े धन की खोज में खुदाई करते वक्त मिट्टी के भासकने भारी बजनी मूर्ति गड्ढे में गिर गई होगी । अज्ञात लोगों की मनसूबे पूरे न होते देख मूर्ति को गड्ढे में मिट्टी से दबाकर भाग निकले होंगे। चबूतरे से भैरव बाबा की प्रतिमा गायब होने की खबर सुनकर दर्जन लोग एकत्रित हो गए और फिर पुलिस को खबर की गई। एसडीओपी प्रिया सिंधी बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए लोगों की भीड़ जमा हो गई और फिर फैसला किया कि जिस जगह खुदाई करके मिट्टी को वापस ढाका गया है। उसे भी खोद कर देखा जाए गांव के ही लोगों ने खुदाई शुरू की तो करीब 5 फीट की खुदाई के बाद भैरव बाबा की गायब हुई। प्रतिमा इस गड्ढे में मिली इसके बाद प्रतिमा को निकाल कर वापस चबूतरे पर स्थापित कर दिया गया है प्रतिमा चोरी होने की खबर फैलने के बाद जो तनाव की स्थिति बन रही थी वह सामान्य हो गई है।

बजरंग दल के जिला संयोजक गोलू चौबे एवं हिंदू संगठन से जुड़े लोगों का यह कहना है कि पुलिस इस तरह का कृत्य करने वाले आरोपियों को शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार करें वरना स्थानीय लोगों के साथ हिंदू संगठनों का विशाल विरोध प्रदर्शन होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी हालांकि पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि बहुत जल्द आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

बताया जाता है कि यह काल भैरव महाराज की प्रतिमा देव श्री जागेश्वर नाथ महादेव के उद्भूत काल की है और बांदकपुर मंदिर से 1 किलोमीटर की दूरी पर चबूतरे पर अनंत काल से विराजमान है मूर्ति पूरी तरह से सुरक्षित है और यथास्थान पर विराजित कर दी गई है। प्रिया सिंधी एसडीओपी का कहना है यहां एक प्राचीन भैरव महाराज का चबूतरा है सुबह बांदकपुर पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि यहां से मूर्ति गायब और चोरी कर ली गई। पुलिस मौके पर पहुंची और मूर्ति को तलाशते हुए चबूतरा के पास ही करीब 8 फीट गहरा गड्ढे की की मिट्टी में दबी भरी बजनी काल भैरव की मूर्ति पुलिस बरामद कर ली गई है। विशेष स्थानीय लोगों मेंहर्ष है पुलिस इस पूरे मामले की तस्दीक कर रही है। गढ़े धन के लालच में या जो भी पुलिस जांच कर रही और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## हटानाका चौराहे से अतिक्रमण हटाया जाये

**दमोह।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय चौरसिया एवं वरिष्ठ नेता पं. राजेश तिवारी ने प्रशासन सें मांग की है कि हटानाके चौराहे पर अनेक लोगो के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे वहा पर शहर में चारो तरफ से आने वाले वाहनो की आवागमन की असुविधा हो रही है और भविष्य में यह अतिक्रमण किसी बडी दुर्घना को अंजाम दे सके उसके पूर्व हटा नाका मुक्तिधाम चौराहे का अतिक्रमण शीघ्र हटाया जावें। वरिष्ठ नेता संजय चौरसिया एवं पं. राजेश तिवारी ने बताया है कि दमोह शहर में अनेक चौराहे पर जैसे हटानाका मुक्तिधाम चौराहा, किल्लाई नाका, जबलपुर नाका, चरहाई बाजार, धमरपुरा नाका, महाराणा स्कूल के पास, कीर्ति स्तम्भ जैसे चौराहे पर अतिक्रमण बढ रहा है जिससें दुर्घनाओं की आशंका साथ आप लोगों को भी इन रोडो पर निकलने में परेशानी का सामना करना पडता है। शहर में इन क्षेत्रो अतिक्रमण हटाने की मांग करने वालों में वरिष्ठ नेता मनु मिश्रा, संजय चौरसिया, राजेश तिवारी, सुरेन्द्र हजारी, डिम्पल सेन, पप्पू साविर, बंसत कुशवाहा, प्रमेश सिरोठिया, अजय जाटव, अजय बाबा, हामिद खान, मुकेश रोहितास, भेपून्द्र राय सहित अनेक लोग है।

## चैंक वाउंस के दोषी की सजा बरकरार, अपील निरस्त की

**दमोह।** न्यायालय अष्ठम अपर सत्र न्यायाधीश दमोह पंकज शर्मा एक चैक वाउंस के मामले में आरोपी द्वारा प्रस्तुत अपील को विचारण न्यायालय के निर्णय को मानते हुए निरस्त कर दी है अपील मामले में परिवादी की ओर से अधिवक्ता मनीष चौबे ने जानकादी दी कि परिवादी रावेन्द्र प्रताप सिंह उम्र 57 वर्ष बल्द स्व.शंकर सिंह साकिन मांगज वार्ड नं 5 शारदा माता मदिर के सामने दमोह तहसील व जिला दमोह आरोपी फैज मोहम्मद खान बल्द बली मोहम्मद उम्र 60 वर्ष निवासी मोटे के मुहल्ल टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ आरोपी फैज मोहम्मद से राजेन्द्र प्रताप सिंह के मधुर संबंध थे आरोपी ठेकेदारी की समस्या को बताते हुए माह सितम्बर 2018 में 500000 रूपये अंकन पांच लाख रूप्ये उधार मागे। उन्ही मधुर संबंधों के चलते परिवादी ने अनावेदक के उपर विश्वास करते हुये माह सितम्बर 2018 में 500000 रूप्ये उधार दिये आरोपी ने फरवरी 2019 में वापिस करने का वादया किया था जब परिवादी ने अपनी राशि वापिस मांगी तो अनावेदक ने दिनांक 10.02.2019 को भारतीय स्टेट बैंक शाखा टीकमगढ़ का बैंक प्रदान कर दिया परिवादी ने बैंक में चैक प्रस्तुत किया पर्याप्त राशि न होने के कारण चैक वाउंस हो गया इसकी सूचना उससे आरोपी को दी फिर भी आरोपी द्वारा पैसा न देने पर परिवादी ने न्यायालय में परिवाद पत्र पेश किया था। विचारण न्यायालय ने मामले को सिद्ध पाते हुये 6 माह का कारावास 9 प्रतिशत वार्षिक दर से क्षतिपूर्ति राशि 751000 सात लाख इक्यावन हजार रूप्ये आरोपी को परिवादी को प्रदान करने का आदेशित किया है।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं दंडाधिकारी हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

क./ प्र.अ.वि.द. / 2025

**आम इश्तहार**

दिनाक 02.08.25

आम जनता को सुचित किया जाता है कि अनुविभाग हटा के अंतर्गत अनुसूची में दर्शित विवरण अनुसार पुलिस थाना गैसाबाद में धारा 25 पुलिस एक्ट में जप्तसुदा माल वाहन जर्जर एवं कबाड़ हालत में हैं एवं कंडम की स्थिति में थाना प्रांगण गैसाबाद में रखे हुए है। वाहन स्वामी की तलाश पत्तामाजी की गई। किन्तु कोई पता नहीं चला।

अनुसूची – थाना गैसाबाद

| क्र | इस्तगासा क्र | वाहन का विवरण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कंपनी | माडल | कलर | चेचिस नंबर | इंजन नंबर | रजिस्ट्रेशन नंबर |
| 1 | 1/15 | मारूती सुजुकी | अल्टो कार | सिल्वर | MA3EXD1500216413 | FBDN3021019 | MH318B 2600 |
| 2 | 1/21 | हीरो | सुपर स्पलेंडर टू व्हीलर | काला | - | - | - |

उपरोक्त जप्तसुदा वाहनों के संबंध में वाहनों के स्वामित्वदारों को आम इस्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.08.25 तक कार्यालय अनुविभागीय दंडाधिकारी हटा या पुलिस थाना गैसाबाद में मूल दस्तावेज सहित उपस्थित होकर अपना स्वामित्व अधिकार प्रस्तुत करें। नियत तिथि तक उपस्थित न होने पर उक्त जप्तसुदा वाहनों की नीलामी किए जाने हेतु आदेश प्रसारित किया जावेगा। नियत तिथि उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुविभागीय दंडाधिकारी, हटा जिला दमोह (म.प्र.)**